दिन– मंगलवार                                                    दिनांक– 18 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                    अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रयागराज महाकुम्भ जाने वाले यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुये राज्य के पैंतीस प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई।

02. केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने वित्तीय वर्ष दो हजार–पच्चीस छब्बीस के बजट को ऐतिहासिक बताया। कहा – इससे विकसित भारत और उन्नत बिहार का सपना साकार होगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान कैमूर जिले को लगभग तीन सौ अड़तालीस करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात देंगे।

04. और, शिक्षा विभाग ने राज्य के आठ सौ छत्तीस माध्यमिक–उच्च माध्यमिक विद्यालयों का चयन पीएम श्री विद्यालय योजना के तहत किया।

———————————————————————

प्रयागराज महाकुम्भ जाने वाले यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुये राज्य के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। स्टेशनों पर दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के साथ ही जीआरपी, आरपीएफ तथा जिला पुलिस बल के अतिरिक्त जवान तैनात किये गये हैं। कल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के बीच उच्च स्तरीय बैठक हुई। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

बैठक में राज्य के 35 प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए जिला पुलिस की तैनाती और होल्डिंग एरिया बनाने का फैसला किया गया। महाकुम्भ की समाप्ति तक यह व्यवस्था रहेगी। इस दौरान रेलवे और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय के लिए लगातार संवाद करने का भी फैसला हुआ। स्टेशनों पर ट्रेनों के आवागमन की जानकारी उद्घोषणा प्रणाली के जरिये लगातार प्रसारित की जाएगी। प्लेटफॉर्म के मुख्य द्वार पर यात्रा टिकट जांच के बाद प्रवेश मिलेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये इस बैठक में एडीजी रेलवे, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर, एडीजी मुख्यालय, कई जिलों के डीएम और एसपी मौजूद थे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, राजधानी पटना के तीन प्रमुख रेलवे स्टेशनों पटना जंक्शन, राजेन्द्र नगर और दानापुर रेलवे स्टेशन पर चौबीस दंडाधिकारी और चौबीस पुलिस अधिकारियों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। साथ ही पटना जंक्शन पर राज्य आपदा मोचन बल की भी तैनाती की गयी है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर सम्भव व्यवस्था कर रहा है।

–––बाईट–––

जिलाधिकारी ने पटना के लोगों से भीड़ कम होने के बाद प्रयागराज जाने का कार्यक्रम बनाने का अनुरोध किया।

---बाईट---

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि गया, सीवान, सासाराम, आरा, हाजीपुर, बरौनी और सहरसा समेत कई प्रमुख रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। यात्रियों की सुविधा के लिए होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। तेरह प्रमुख स्टेशनों पर एसडीआरएफ के जवान भी तैनात किए गये हैं।

---------------------------------------------

केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे विकसित भारत और उन्नत बिहार का सपना साकार होगा। श्री यादव पटना में केन्द्रीय बजट को लेकर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

---बाईट---

परिचर्चा को संबोधित करते हुये राज्य के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केन्द्र में जब भी एनडीए की सरकार रही है, बिहार के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

---बाईट---

---------------------------------------------

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में कैमूर जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वे लगभग तीन सौ अड़तालीस करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

---बाईट---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कैमूर जिले में विभिन्न योजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार जिले के मोहनियां प्रखंड के भरखर, उग्रवाद प्रभावित प्रखंड अधौरा और चौनपुर के कोहरा डैम जाएंगे। इसके बाद वे भभुआ जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के मुंडेश्वरी सभागार भवन में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इधर, मुख्यमंत्री के आगमन को सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भभुआ से श्रीकांत पाण्डेय।

---------------------------------------------

उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बैंकों से बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण वितरित करने के लिए शिविर लगाने को कहा है। राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति–एसएलबीसी की त्रैमासिक बैठक में श्री चौधरी ने बैंकों से कृषि के अतिरिक्त सहकारिता,

पशुपालन और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों के विकास के लिए लोन का प्रवाह बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने कहा कि एसएलबीसी की एक उप समिति राज्य स्तर पर गठित की जाएगी।

———————————————————————

निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार देश के नये मुख्य निर्वाचन आयुक्त होंगे। विधि मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। श्री कुमार राजीव कुमार का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है। उन्नीस सौ अट्ठासी बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव भी रह चुके हैं। ज्ञानेश कुमार का कार्यकाल छब्बीस जनवरी दो हजार उनतीस तक होगा। वहीं, हरियाणा कैडर के उन्नीस सौ नवासी बैच के आईएएस अधिकारी विवेक जोशी को नया चुनाव आयुक्त बनाया गया है।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने राज्य के आठ सौ छत्तीस माध्यमिक–उच्च माध्यमिक विद्यालयों का चयन पीएम श्री विद्यालय योजना के तहत किया है। इन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस से कक्षा छह से बारह तक की पढ़ाई होगी। वर्तमान में इन विद्यालयों में कक्षा नौ से बारह तक की ही पढ़ाई हो रही है। विभाग के अनुसार जिन विद्यालयों का चयन किया गया है, उसके सबसे नजदीक के मध्य विद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों का विलय हो जाएगा। इसकी कार्रवाई जिला शिक्षा पदाधिकारी करेंगे।

———————————————————————

परीक्षा पे चर्चा– दो हजार पच्चीस का नया संस्करण आज जारी किया जाएगा। इस संस्करण में, स्कूली छात्रों में परीक्षा के तनाव, चिंता को दूर करने और दबाव में शांत रहने के बारे में विभिन्न बोर्ड और परीक्षाओं के कई टॉपर के विचार और सुझाव साझा किए जाएंगे। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो साझा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा के इस संस्करण में, परीक्षा योद्धा अपने अनुभव साझा करेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने अभिभावकों और छात्रों को दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के झूठे दावों के प्रति सतर्क किया है। बोर्ड ने कहा है कि ये दावे निराधार हैं और इनका उद्देश्य भय पैदा करना है। गलत सूचना फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक की परीक्षा के पहले दिन कल राज्यभर से पांच परीक्षार्थी निष्कासित किये गये। सारण में तीन और रोहतास तथा वैशाली से एक–एक परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया है। वहीं दूसरे के बदले परीक्षा देते हुये जमुई जिले में तीन, सुपौल में दो और नालंदा तथा बांका में एक–एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए। इधर, अररिया में परीक्षा के दौरान प्रशासन की ओर से तैनात पांच कैमरामैन को मोबाइल से प्रश्न पत्र का फोटो लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

————————————————————————

ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज पाल ने स्मार्ट मीटरिंग एजेंसियों को खराब मीटरों को मार्च महीने के पहले सप्ताह तक बदलने का निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि लंबित कार्यों को तय समय में पूरा नहीं करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

————————————————————————

जमुई में जारी तनाव के बीच प्रशासन ने आज भी जिले में इंटरनेट सेवा को बंद रखने का फैसला किया है। गृह विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि अफवाहों को रोकने के लिए इंटरनेट सेवा पर रोक लगायी गयी है। इधर, पुलिस ने हिंसक झड़प के मामले में दो प्राथमिकी दर्ज करते हुये नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

सहरसा जिले के डरहार थाना क्षेत्र के कटियाही गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित–अर्ध निर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

————————————————————————

अररिया की विशेष उत्पाद अदालत ने अवैध शराब परिवहन के मामले में दोषी जयकृष्ण यादव को छह साल कारावास और तीन लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————————

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित सबजूनियर राष्ट्रीय रग्बी बालक प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने नौ स्वर्ण पदक जीते हैं। टीम के प्रदर्शन पर खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बधाई दी है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रयागराज महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राज्यभर में की जा रही व्यवस्थाओं से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– सूबे के पैंतीस स्टेशनों पर कड़ी सुरक्षा, बेटिकट वर्जित।

प्रभात खबर की सुर्खी है– महाकुम्भ का रैला, बेकाबू भीड़ ने गेट बंद देख मगध एक्सप्रेस के एसी कोच के शीशे तोड़े।

दैनिक जागरण ने लिखा है– प्रदेश के पांच लाख बावन हजार किसान पीएम किसान सम्मान योजना से होंगे वंचित।

दैनिक भास्कर लिखता है– बगहा से भोजपुर के पातर तक ग्रीनफील्ड हाई–स्पीड नारायणी गंगा कोरिडोर बनाने का फैसला। गंगा और गंडक पर पुल बनेगा।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने सीवान में कल आये भूकम्प की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रयागराज महाकुम्भ जाने वाले यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुये राज्य के पैंतीस प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई।

02. केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने वित्तीय वर्ष दो हजार–पच्चीस छब्बीस के बजट को ऐतिहासिक बताया। कहा – इससे विकसित भारत और उन्नत बिहार का सपना साकार होगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान कैमूर जिले को लगभग तीन सौ अड़तालीस करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात देंगे।

04. और, शिक्षा विभाग ने राज्य के आठ सौ छत्तीस माध्यमिक–उच्च माध्यमिक विद्यालयों का चयन पीएम श्री विद्यालय योजना के तहत किया।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।